श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 58, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 3 अक्टूबर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## देश में कोरोना से मौत का आंकड़ा एक लाख के पार, 64 लाख से ज्यादा संक्रमित

### मरीजों के ठीक होने की दर भी बढ़ी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत दुनिया के उन तीन देशों में शामिल हो गया है जहां कोरोना संक्रमण से एक लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। भारत से अधिक अमेरिका में 2.12 लाख और ब्राजील में 1.44 लाख से अधिक लोगों की अब तक इस महामारी से जान जा चुकी है। भारत में महामारी से पहली मौत 12 मार्च को हुई थी। उसके बाद 203 दिनों में मौत का आंकड़ा एक लाख पहुंच गया। राहत यह है कि ज्यादा जांच के बावजूद नए मामलों में लगातार कमी आ रही है और बड़ी संख्या में मरीज ठीक हो रहे हैं। फिर भी हर रोज एक हजार से अधिक मरीजों की मौत का सिलसिला बना हुआ है जिसमें सबसे अधिक मौतें महाराष्ट्र में हो रही हैं।

समाचार एजेंसियों से शुक्रवार रात नौ बजे तक मिले आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार देर रात से अब तक देशभर में 1,049 मरीजों की जान गई है, जिसमें सबसे अधिक महाराष्ट्र में 424, तमिलनाडु में 67, उत्तर प्रदेश में 84 और केरल में 20 मौतें शामिल हैं। इसके साथ ही इस वैश्विक महामारी से मरने वालों की संख्या 1,00,768 हो गई है। इस दौरान 79,042 नए मामले सामने आए हैं और संक्रमितों का आंकड़ा 64.64 लाख से अधिक हो गया है। 75,699 मरीज ठीक भी हुए हैं और कोरोना से उबरने वालों की संख्या 54.15 लाख से अधिक हो गई है।

हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के मुताबिक, अब तक महामारी से 99,773 लोगों की मौत हुई है जबकि 63.93 लाख लोग संक्रमित हुए हैं। अभी तक 53.22 लाख से अधिक मरीज ठीक भी हो चुके हैं। सक्रिय मामले 9.42 लाख रह गए हैं।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के मुताबिक गुरुवार को कुल 10.97 लाख कोरोना टेस्ट किए गए है। संक्रमण का पता लगाने के लिए अब तक कुल सात करोड़ 67 लाख से अधिक नमूनों की जांच की जा चुकी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मरीजों के स्वस्थ होने की दर लगातार बढ़ रही है। कोरोना को मात दे चुके मरीजों के मामले में भारत दुनिया में पहले नंबर पर बना हुआ है। अब तक 54 लाख से अधिक मरीज ठीक हो चुके हैं। जबकि, अमेरिका में 47 और ब्राजील में 42 लाख से अधिक मरीज स्वस्थ हुए हैं। भारत में आखिरी के 10 लाख मरीज सिर्फ 12 दिन में स्वस्थ हुए हैं।

महाराष्ट्र में लगातार नए मामले कम आ रहे हैं। इससे लगता है कि राज्य कोरोना के चरम को पार कर चुका है। राज्य में 15,591 नए केस मिले हैं और संक्रमितों आंकड़ा 14.16 लाख को पार कर गया है। उत्तर प्रदेश में भी नए मामलों में कमी आई है। राज्य में 3,946 नए केस के साथ संक्रमितों की संख्या 4.06 लाख से अधिक हो गई है। ओडिशा में जरूरत नए मामले बढ़ रहे हैं। राज्य में 3,600 नए केस मिले हैं और कुल मामले 2.26 लाख से अधिक हो गए हैं।


देश में कोरोना का पहला मरीज इस साल जनवरी के आखिर में केरल में मिला था। उसके बाद एक समय ऐसा भी आया कि लगा केरल ने कोरोना को काबू में कर लिया है। लेकिन अब लगता है कि केरल में कोरोना अपनी चरम की तरफ जा रहा है। राज्य में 9,258 नए मरीज मिले हैं और कुल संक्रतिमों का आंकड़ा 2.12 लाख को पार कर गया है। केरल को छोड़कर दक्षिण भारत के अन्य राज्यों में महामारी का कहर कम हो रहा है। तमिलनाडु में 5,595 नए केस साथ साथ 6.08 लाख, तेलंगाना में 2,009 नए मामलों के साथ 1.95 लाख और पुडुचेरी में 514 नए केस के साथ अब तक कुल 28 हजार से अधिक संक्रमित मिल चुके हैं।



### उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कोरोना पॉजिटिव

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश सरकार के एक और मंत्री कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्होंने खुद ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। लखनऊ के एसीएमओ डॉ एमके सिंह के मुताबिक डिप्टी सीएम का किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में कोरोना वायरस टेस्ट कराया गया, उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अभी वह होम आईसोलेशन में हैं। अभी तक प्रदेश सरकार के 17 मंत्री कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। वहीं प्राविधिक शिक्षा मंत्री कमल रानी वरुण और होमगाड्र्स मंत्री चेतन चौहान की संक्रमण से मौत हो चुकी है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट कर कहा कि कोरोना संक्रमण के प्रारंभिक लक्षण आने के बाद मैंने कोविड-19 टेस्ट करवाया, जिसमें मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। आप सभी से मेरा निवेदन है कि पिछले कुछ दिनों में जो भी मेरे सम्पर्क में आएं हैं, वो सभी निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी जांच करवाएं एवं कोविड नियमों का पालन करें। 17 मंत्री हो चुके कोरोना से संक्रमित : उत्तर प्रदेश सरकार के जो मंत्री अब तक कोरोना पॉजिटिव पाए जा चुके हैं, उनमें अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना, एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, समाज कल्याण राज्यमंत्री डॉ.जीएस धर्मेश, जलशक्ति राज्यमंत्री बलदेव औलख आदि हैं।

## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर रामनाथ कोविंद और नरेंद्र मोदी सहित दिग्गजों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली, एएनआइ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को देश याद कर रहा है। आज यानी 2 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री और महात्मा गांधी की जयंती है। इस अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम दिग्गजों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने महात्मा गांधी को याद करते हुए ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि गांधी जयंती के दिन, कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा-सुमन अर्पित करता हूं। सत्य, अहिंसा और प्रेम का उनका संदेश समाज में समरसता और सौहार्द का संचार करके समस्त विश्व के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। वे संपूर्ण मानवता के प्रेरणा-स्त्रोत बने हुए हैं। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने लगातार कई सारे ट्वीट किए हैं। इस दौरान आज उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी याद किया। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनकी स्मृति को नमन। भारत माता के उस महान सपूत ने अभूतपूर्व समर्पण और सत्यनिष्ठा से देश की सेवा की। हरित क्रांति व श्वेत क्रांति में मूलभूत भूमिका और युद्धकाल में सुदृढ़ नेतृत्व के लिए सभी देशवासी उन्हें श्रद्धापूर्वक याद करते हैं।

## चीन को अमेरिका ने दिया बेहद कड़ा संकेत अरुणाचल प्रदेश भारतीय हिस्सा



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत के लद्दाख व अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों की वैधता पर रह-रह कर सवाल उठा रहे चीन को अमेरिका ने बेहद कड़ा संकेत दिया है। अमेरिका ने दो टूक कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है और चीन के आक्रामक विस्तारवादी रवैये का भारत भी दुर्भाग्य से शिकार हो रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय का यह बयान शुक्रवार को आया है। इसकी अहमियत इसलिए भी है कि अगले सोमवार को टोक्यो में जापान, ऑस्ट्रेलिया, भारत व अमेरिका के विदेश मंत्रियों की बेहद अहम बैठक होने वाली है। इस बैठक को लद्दाख से लेकर च्हद-प्रशांत क्षेत्र और जापान के पश्चिमी हिस्से पर स्थिति द्वीपों पर चीन की विस्तारवादी नीतियों के परिप्रेक्ष्य में भी देखा जा रहा है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक हम भारत व चीन के बीच जारी सीमा विवाद पर नजर रखे हुए हैं। वास्तविक सीमा कहा हैं? यह एक संवेदनशील मुद्दा है और हम दोनों पक्षों को कूटनीतिक समाधान निकालने के लिए प्रोत्साहित करते रहे हैं। लेकिन दूसरी तरफ की सीमा को लेकर हमारा स्पष्ट मत है। अमेरिका छह दशकों से अरुणाचल प्रदेश को भारतीय हिस्सा मानता रहा है। हम वास्तविक नियंत्रण वाले हिस्से को एकतरफा तरीके से बदलने के सख्त खिलाफ हैं चाहे उसे मिलेट्री अतिक्रमण से बदला जाए या सिविलियन अतिक्रमण से बदला जाए, इसके सख्त खिलाफ हैं। उस अधिकारी ने यह भी कहा कि चीन के आक्रामक रवैये से उस क्षेत्र के जो देश परेशान हैं उसमें भारत भी शामिल है। हिंद प्रशांत क्षेत्र के संदर्भ में कहा कि भारत इस हिस्से की एक क्षेत्रीय शक्ति है और एक खुला व सभी देशों के लिए सर्वमान्य च्हद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने में भारत की भूमिका अहम होगी।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने टोक्यो में चारों देशों (क्वाड) की बैठक के एजेंडे के बारे में भी बताया कि वहां बहुत ही विस्तार से संबंधित रणनीतिक मुद्दों पर बात होने की उम्मीद है। आर्थिक व कोरोना से जुड़े मुद्दे भी होंगे। भारत, अमेरिका व जापान की नौ सेनाओं के बीच होने वाली मालाबार अभ्यास में आस्ट्रेलिया को शामिल करने को लेकर भी बात होनी है। जानकारों का मानना है कि चारों देशों की तरफ से मालाबार नौ सेना अभ्यास में आस्ट्रेलिया को शामिल करने का एलान इस बैठक के बाद किया जा सकता है। यह क्वाड के तहत उक्त चारों देशों के विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक है। च्हद प्रशांत सेक्टर के लिए इन चारों देशों की अपनी अपनी रणनीति है जो बहुत हद तक सामान्य कही जा सकती है। माना जा रहा है कि टोक्यो में होने वाली बैठक में चारों देशों की च्हद प्रशांत क्षेत्र के लिए रणनीति को एक समग्र नीति में शामिल करने को लेकर विमर्श किया जाएगा।

## सौ दिनों में सभी स्कूलों तक पहुंचेगा पेयजल

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** देशभर के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने शुक्रवार को सौ दिवसीय अभियान की शुरूआत की।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इसे जन आंदोलन बनाने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने सभी मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों को पत्र लिखकर उनके क्षेत्रों में अभियान का नेतृत्व करने का आग्रह भी किया है। अभियान की शुरूआत करते हुए शेखावत ने कहा कि यह पहल महात्मा गांधी को उनकी 151वीं जयंती पर सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 सितंबर को जल जीवन मिशन का लोगो लांच करते हुए देश के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का आह्वान किया था। इस पृष्ठभूमि में हम इसे सुनिश्चित करने के लिए सौ दिवसीय अभियान शुरू कर रहे हैं। हम सभी राज्य सरकारों से सौ दिनों में सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पाइपलाइन से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कह रहे हैं।'



'जल जीवन मिशन-हर घर जल' का मकसद 2024 तक हर घर को नल से जल आपूर्ति उपलब्ध कराना है। इस मिशन के केंद्र में महिलाएं और बच्चे हैं। वर्ष 2020-21 में जल जीवन मिशन के लिए 23,500 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इनमें 11,500 करोड़ रुपये सकल बजटीय सहायता के रूप में और 12 हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त बजटीय संसाधनों के रूप में उपलब्ध होंगे।

यूनिसेफ (यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल चिल्ड्रन इमरजेंसी फंड) के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2010 में 17 फीसद स्कूलों में पेयजल उपलब्ध नहीं था। लेकिन वर्ष 2016 तक ऐसे स्कूलों की संख्या घटकर नौ फीसद रह गई थी।

वहीं, दूसरी ओर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दो अक्टूबर से 100 दिनों के भीतर प्रदेश के सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल कनेक्शन लगाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए जल्द से जल्द विलेज एक्शन प्लान बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी गांवों में वर्ष 2021 तक पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराने हैं।

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा राज में लोकतंत्र और संविधान दोनों का हो रहा तिरस्कार

**लखनऊ, जेएनएन।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में लोकतंत्र और संविधान दोनों का तिरस्कार हो रहा है। जनता भाजपा के जिन लोकलुभावन वादों से भ्रमित हुई थी अब उनकी सच्चाई जानने लगी है। भाजपा के कुशासन का असली रंग लोग देख रहे है। यह प्रदेश हत्या प्रदेश के रूप में बदनाम हो गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि हाथरस में पीड़िता के गांव जाने पर प्रशासन द्वारा एक तरफा पाबंदी लगाई गई है। सपा का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़िता के स्वजनों से मिलने और उन्हें सांत्वना देने उसके गांव बूलगढ़ी जा रहा था, उसको पुलिस ने बल पूर्वक रोक दिया। कार्यकताओं पर लाठीचार्ज किया गया और नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया।

## नीरव मोदी केस में पीएनबी के पूर्व अधिकारी के खिलाफ चार्जशीट दायर

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने नीरव मोदी केस में पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व उप प्रबंधक गोकुल नाथ शेट्टी और उसकी पत्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में चार्जशीट दायर की है। शेट्टी पर 13,000 करोड़ रुपये से अधिक के पीएनबी घोटाले में नीरव मोदी और मेहुल चोकसी की मदद करने का आरोप है। सीबीआइ ने शेट्टी और इंडियन बैंक में क्लर्क उसकी पत्नी आशा लता शेट्टी को 2011-17 के दौरान 4.28 करोड़ रुपये की संपत्ति जमा करने के मामले में भ्रष्टाचार के तहत आरोपित किया है। इस दौरान शेट्टी मुंबई में पीएनबी के ब्रैडी हाउस ब्रांच में उप प्रबंधक था, जहां से मोदी-चोकसी को 13,700 करोड़ रुपये के कर्ज दिए गए थे। एजेंसी शेट्टी और मोदी-चोकसी के संबंधों की पड़ताल कर रही है। एजेंसी ने बताया कि कुल संपत्ति में 2.63 करोड़ रुपये के स्त्रोत बारे में शेट्टी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। यह रकम उसके आय के सभी स्त्रोतों से 2.38 गुना ज्यादा थी। शेट्टी और उसकी पत्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में नवंबर, 2018 में अलग से केस दर्ज किया था। एजेंसी के मुताबिक उक्त छह साल के दौरान शेट्टी दंपती की कुल आय 72.52 लाख रुपये थी, जबकि उन्होंने अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम से मुंबई में फ्लैट खरीदे। सीबीआइ की विशेष अदालत में हाल ही में दाखिल आरोपपत्र में सीबीआइ ने कहा है कि शेट्टी दंपती ने मुंबई के गोरेगांव में 46.62 लाख रुपये का एक फ्लैट खरीदा। इसके साथ ही मुंबई और उसके आसपास के इलाकों में तीन और फ्लैट बुक कराए और उसके लिए अग्रिम भुगतान किए।

एजेंसी ने इनके बैंक खातों, फिक्स डिपॉजिट और आवर्ती बैंक खातों में 75 लाख रुपये जमा होने का पता लगाया। इन सबको मिलाकर एजेंसी ने कहा कि शेट्टी दंपत्ति ने 2011-17 के दौरान अपनी आय से 2.63 करोड़ रुपये की अधिक संपत्ति बनाई। सीबीआइ मोदी और चोकसी के खिलाफ पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है, जिसमें शेट्टी की भूमिका को स्पष्ट किया गया है। शेट्टी फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। उसे मार्च, 2018 में गिरफ्तार किया गया था। शेट्टी 2017 में रिटायर हुआ था और उसके बाद इस घोटाले का पता चला था। इस मामले में मुख्य आरोपित मोदी और चोकसी को भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया है। मोदी ब्रिटेन की जेल में बंद है, जबकि चोकसी भी विदेश में रह रहा है।

## एक दिन में सामने आए 81 हजार से ज्यादा मामले, 1,095 की हुई मौत




**नई दिल्ली, एएनआइ।** भारत में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 63 लाख से ज्यादा हो गई है। हालांकि प्रतिदिन नए मामलों की संख्या में उतार-चढाव देखने को मिल रहा है लेकिन अच्छी बात यह है कि रिकवरी रेट में तेजी से इजाफा हो रहा है। बीते 24 घंटे में संक्रमण के 81 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं जबकि इससे एक दिन पहले 86 हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए थे। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, गुरुवार को कोरोना संक्रमण के 81,484 नए मामले सामने आए हैं जबिक इस दौरान 1,095 संक्रमितों की मृत्यु हो गई। ताजा मामलों के बाद देश में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 63 लाख के पार पहुंच गई है। मंत्रालय की नई रिपोर्ट के अनुसार देश में अब तक कुल 63,94,069 लोग कोरोना संक्रमित हो चुके हैं जिनमें से 53,52,078 लोग संक्रमण से ठीक हो गए हैं। इसके अलावा 99,773 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कुल मामलों में से फिलहाल 9,42,217 एक्टिव केस हैं।

देश में सात करोड़ से अधिक सैंपलों की टेस्टिंग हो चुकी है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (क्ळटफ) के मुताबिक, 1 अक्टूबर तक 7,67,17,728 सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं जिनमें से 10,97,947 टेस्टिंग गुरुवार को हुई हैं। कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों की लिस्ट में महाराष्ट्र शीर्ष पर है। यहां वर्तमान में 2,59,440 एक्टिव केस हैं जबकि अभी तक 11,04,426 लोग संक्रमण से ठीक हो गए हैं। वहीं, 37,056 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद कर्नाटक में 1,10,431 और केरल में 72,418 एक्टिव केस हैं। इसके अलावा कर्नाटक में 4,92,412 लोग ठीक हो चुके हैं और 8,994 मौतें हो गई हैं, जबकि केरल में 1,31,052 रिकवरीज और 771 लोगों की मौत कोरोना संक्रमण से हुई है। राजधानी में कोरोना के संक्रमण की दर में थोड़ी कमी आई है। हालांकि हर रोज तीन हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। गुरुवार को भी 3,037 नए मामले दर्ज किए गए, जबकि 3,167 मरीज ठीक हुए। चिंता की बात यह है कि पिछले कुछ दिनों से मौत के मामले बढ़ गए हैं। बीते 24 घंटे में भी 40 मरीजों की मौत हो गई। इससे पिछले 10 दिन में कोरोना से मृत्यु दर बढ़कर 1.16 फीसद हो गई है। वहीं, अगस्त में मौत के मामलों में कमी आई थी, लेकिन सितंबर में मौत के मामले बढ़ गए। फिर भी 12 से 21 सितंबर के बीच भी 10 दिन में मृत्यु दर 0.83 फीसद थी जो अब एक फीसद से ज्यादा हो गई है।

## छत्तीसगढ़ः NIA ने भीमा मंडावी हत्या के मामले में 33 आरोपितों के खिलाफ दायर किया आरोप पत्र

**नई दिल्ली, एएनआइ।** छत्तीसगढ़ के भाजपा विधायक भीमा मंडावी की 2019 में हत्या के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कई धाराओं के साथ 33 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। एनआईए ने आईपीसी, यूएपीए, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की कई धाराओं के तहत 33 आरोपियों के खिलाफ भीमा मंडावी हत्या मामले में आरोप पत्र दायर किया है। इन आरोपियों में से 6 को गिरफ्तार कर लिया गया है, जब्कि 22 फरार हैं और 5 की मौत हो गई है। एनआईए द्वारा चार्जशीट दायर करने बाद कहा गया कि फिलहाल हमारी आगे की जांच जारी है। पिछले महीने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हुई भाजपा विधायक भीमा मंडावी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को एनआइए की स्पेशल कोर्ट (जगदलपुर) के सामने पेश किया गया था। गिरफ्तार मुख्य आरोपी हरिपाल सिंह चौहान को एनआइए द्वारा जगदलपुर में विशेष अदालत के सामने पेश किया गया, जिसके बाद उसे तीन दिन के लिए एनआइए की रिमांड पर भेज दिया गया। इस मामले में तीन आरोपी लक्ष्मण जयसवाल, रमेश कुमार कश्यप और कुमारी लिंग ताती को गिरफ्तार किया गया था।



जांच में पता चला कि नकुलनार में एक किराने की दुकान चलाने वाले लक्ष्मण जायसवाल ने सीपीआई (माओवादी) कैडरों द्वारा किए गए क्ष्एऊ विस्फोट के लिए बिजली के तार, विस्फोटक पदार्थ और अन्य सामान मुहैया कराया था। वहीं, अन्य आरोपी काकड़ी गांव के पूर्व-सरपंच रमेश कुमार कश्यप और कुमारी लिंग ताती पर घटना की प्लानिंग का आरोप है। बता दें कि 9 अप्रैल, 2019 को भाजपा विधायक मंडावी की हत्या कर दी गई थी। एक प्रेस रिलीज के मुताबिक, 'विधायक की गाड़ी पर क्ष्एऊ ब्लास्ट किया गया था और दंतेवाड़ा जिले के श्यामगिरी गांव के पास उढक (माओवादी) कैडरों द्वारा गाड़ी पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई। इसके परिणामस्वरूप जिले के तत्कालीन भाजपा विधायक भीमा मंडावी और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (उअऋ) के चार पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। इसके अलावा शहीद पुलिस कर्मियों के हथियार भी सीपीआई (माओवादी) कैडरों द्वारा लूट लिए गए थे।'

मामले की जांच को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के बीच टकराव भी सामने आया था। जहां राज्य सरकार ने इसके लिए स्थानीय स्तर पर एसआइटी टीम का गठन किया था, वहीं 17 मई, 2019 को केंद्र की तरफ से एनआइए जांच कराने की घोषणा की गई थी। इसके बाद राज्य सरकार एनआइए जांच के खिलाफ कोर्ट पहुंची थी। हालांकि इस दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार की एसआइटी टीम को खारिज कर दिया था।

# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज शनिवार, 3 अक्टूबर, 2020

## संक्षेप समाचार

### महापुरुषों कों किया गया नमन

**करमा ।** जय माँ गंगा एवम शिक्षा एवम समिति के तत्वावधान में अहिंसा दिवस के रूप में महत्मा गाँधी एवम पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री दोनों महापुरुषों की संयुक्त रूप से जयंती मनायी गयी जिसमें संस्था की सदस्या श्रीमती सिंपी शुक्ला नें महात्मा गाँधी जी एवम शास्त्री जी के जीवन गाथाओं का वर्णन करतें हुए बोली कि महात्मा गाँधी नें अहिंसा के बल पर हमारे बड़े से बड़े आयोजन करतें हुए देश कों एक नयी दिशा प्रदान किये साथ ही शास्त्री जी की सादगी आज भी विश्व राजनीति के पटल पर अग्रणी हैं इसके साथ ही श्रीमती शुक्ला के द्वारा दोनों महापुरुषों के जीवन पर अनेकों बातें साझा की गयी। कार्यक्रम में संस्था के कोषाध्यक्ष पंडित रमाशंकर शुक्ला आदि शामिल रहे।

# बाइक से जा रही 2 महिलाओं को ट्रक ने रौंदा मौत, चालक गंभीर

**बरौत।** हंडिया थाना क्षेत्र के कस्बा में सब्जी मंडी के पास मोटरसाइकिल से घर के लिए 2 महिलाओं को बैठा कर जा रहे युवक ट्रक की चपेट में आने से बाइक पर बैठी 2 महिलाओं की मौके पर मौत हो गई। बाइक चालक गंभीर रुप से घायल हो गया।ट्रक रौंदते हुए फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मलखानपुर थाना सराय इनायत निवासी मुकेश कुमार अपनी बाइक से माता अनारकली 55 पत्नी विश्राम व अपनी भाभी सांवरी देवी 35 वर्ष पत्नी लल्लू प्रसाद को शुक्रवार को कटहरा में अपने रिश्तेदारी में गया था। रिश्तेदारी से अपने घर के लिए जा रहा था था कि हडिया सब्जी मंडी के पास लगभग 6:30 बजे शाम पहुंचा ही था कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों महिलाओं को रौंद दिया। ट्रक दोनों महिलाओं को रौंदते हुए तेजी से भाग निकला।वही दोनों महिलाओं की मौके पर मौत हो गई। बाइक चला रहा मुकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर हण्डिया इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह घटनास्थल पर पहुंचे।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वही गंभीर रूप से घायल बाइक चालक मुकेश कुमार को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भिजवाया। फिर हाल बाइक चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## नाबालिग का अपहरण और जबरिया शादी करने में तीन नामजद

**शंकरगढ़।** नाबालिग का अपहरण करने, जबरिया विवाह करने सहित कई अन्य आरोपों के मामले में तीन लोगों को नामजद किया गया है। शंकरगढ़ पुलिस ने धारा 363, 366, 323, 354ख, 504 और 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। नाबालिग के साथ की गई मनमानी का यह मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के लालापुरवा मोहल्ले का है। यहां की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मोहल्ले के ही एक युवक ने उनकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर लिया और बहला-फुसलाकर मनमानी करता रहा। इस दौरान उसने नाबालिग से जबरिया विवाह भी किया इससे बेटी गर्भवती हो गई। जब इस मामले की शिकायत की गई तो आरोपी समझौते के लिए दबाव डालने लगा। आरोपी आपराधिक प्रवृति का है। इससे पूरा परिवार डरा सहमा है।उनकी बेटी का पूरा जीवन नर्क बन गया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी नीरज के साथ ही राधेश्याम और शनी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गांधी जयंती पर कार्यालयों और शैक्षिक संस्थानों में शान से लहराया तिरंगा



बारा तहसील में एसडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण



नगर पंचायत कार्यालय शंकरगढ़ में अध्यक्ष लल्लू कनौजिया माल्यार्पण करते हुए

**शंकरगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। यमुनापार के सभी तहसील मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय, नगर पंचायत के साथ ही विद्यालयों में भी शान से तिरंगा फहराया गया।

बारा तहसील प्रांगण में एसडीएम बारा डॉ गौरव रंजन श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया। बारा तहसील में उपजिलाधिकारी बारा गौरव रंजन श्रीवास्तव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर झंडारोहण और माल्यार्पण करके लोगों को बधाई दी।इस कार्यक्रम में तहसीलदार डॉ विशाल शर्मा, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक प्राची केसरवानी, लेखपाल गंगा प्रसाद सहित तमाम तहसील कर्मी उपस्थित रहे। थाना परिसर शंकगढ़ में एसओ राजेश उपाध्याय ने झंडा फहराया। नगर पंचायत शंकरगढ़ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती नगर अध्यक्ष लल्लू कनौजिया की अध्यक्षता में लड्डू बांटकर जयंती मनाई गई। इस मौके पर लिपिक प्रदीप कुमार, वरिष्ठ सभासद सुजीत केसरवानी, बल्लू केसरवानी, मनीष केसरवानी, अंशुमान सिंह, दीपेंद्र शुक्ला, हरिश्चंद्र केसरवानी, सूरज केसरवानी, अखिलेश द्विवेदी, कमलेश केशरवानी आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी तरह बीआरसी शंकगढ़ में खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति सिंह ने ध्वजारोहण कर बापू और लाल बहादुर शास्त्री को याद किया। मौके पर शिक्षक वीरेंद्र सिंह, नृपेन्द्र सिंह, अतुलेश्वरी गुप्ता, शिवलाल आदि लोग रहे।

इसी तरह राजा कमलाकर इंटर कालेज में प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण कर नमन किया।इस मौके पर डॉ बृजेश कुमार यादव, ओ पी धारिया, रामसिंह, समीर आदि शिक्षक उपस्थित रहे। नवोदित शिक्षा केन्द्र लाइनपार और कैंब्रिज इंटर कालेज में प्रबंधक संतोष त्रिपाठी, सीएचसी एकेडमी लाइनपार और कल्याणपुर में पंचबन्धु सेवा संस्थान के प्रबंधक संदीप सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसी तरह चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा, एलआरएस पब्लिक स्कूल में प्रबंधक अश्विन सिंह, सेंट जोसेफ स्कूल में प्रधानाचार्य ने ध्वजारोहण किया। सीबीएस एकेडमी लाइनपार में प्रबंधक एसबी सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान स्कूलों में बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इसी तरह नारीबारी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भाजपाइयों ने मनाई। वक्ताओं ने महापुरुषों के जीवन पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। नारीबारी में मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी के आवास पर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं विचारों से हम सब कार्यकताओं को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आज मोदी जी इन्ही के पदचिन्हों पर चलकर देश को स्वच्छता की ओर ले जाने का संकल्प लिए है। इस अवसर पर जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला, प्रधान नारीबारी संतोष शुक्ला, किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी गिरीश कुमार चतुवेर्दी, पं. संदीप कुमार शास्त्री, दिव्याशू चतुवेर्दी आदि लोग रहे।

## हाईकोर्ट समाचार



### पीएसी भर्ती में जाति प्रमाणपत्र को लेकर राज्य सरकार से जवाब तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस पीएसी भर्ती 2018 में आवेदन जमा करने के बाद की तिथि का ओबीसी प्रमाणपत्र पेश करने पर अभ्यर्थी का दावा निरस्त करने के मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। सरकारी वकील का कहना है कि दस्तावेज सत्यापन के समय याची ओबीसी प्रमाणपत्र पेश करने में विफल रहा। इसलिए उसका चयन नहीं किया गया। कोर्ट ने इसी बात को हलफनामे में दाखिल करने का निर्देश दिया है। विशेष अपील की सुनवाई 12 अक्टूबर को होगी। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश गोविन्द माथुर तथा न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा की खंडपीठ ने प्रयागराज के अनस अनवर की विशेष अपील पर दिया है। मालूम हो कि याची पुलिस पीएसी भर्ती में सारे टेस्ट पास किये। किन्तु चयन सूची में उसका नाम नही है। जिसे याचिका में चुनौती दी गयी। एकल पीठ ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि 14 जनवरी 18 को भर्ती निकाली गई। 22 जनवरी 18 को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि थी। शर्त थी कि ओबीसी प्रमाणपत्र एक अप्रैल 17 के बाद का जारी किया गया हो। याची ने 8 मार्च 18 को जारी प्रमाणपत्र पेश किया है, जिसे वैध नहीं कह सकते। उसे सामान्य श्रेणी के कट आफ से कम अंक अर्जित किये होने के कारण चयनित नहीं किया गया है। इस आदेश के खिलाफ यह विशेष अपील दाखिल की गयी है। याची अधिवक्ता का कहना है कि राम कुमार गिजरोया केस के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत याची चयनित होने का हकदार है।अब सरकार की तरफ से कहा गया कि दस्तावेज सत्यापन के समय याची ओबीसी प्रमाणपत्र पेश करने में विफल रहा है। इसलिए चयन नहीं हुआ।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट 9 व 16 अक्टूबर को सैनेटाइजेशन के लिए बंद रहेगा

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट 9 व 16 अक्टूबर को बंद रहेगा। इलाहाबाद व लखनऊ में अदालत नहीं बैठेगी। उक्त दिन सुने जाने वाले मुकदमे 12 व 19 अक्टूबर को सुने जायेंगे। इलाहाबाद व लखनऊ में कोरोना वायरस के फैलाव व मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मुख्य न्यायाधीश गोविन्द माथुर ने यह फैसला लिया है। इन दिनों न्यायालय परिसर का सेनेटाइजेशन किया जायेगा।

### हाईकोर्ट प्रशासन ने कर्मचारियों की प्रोन्नति सूची जारी की

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट प्रशासन ने कर्मचारियों की प्रोन्नति सूची जारी की है। इसमें उच्च न्यायालय सेवा संवर्ग के दस व न्यायपीठ सचिव संवर्ग के दो अधिकारियों को प्रोन्नति दी गई है। महानिबंधक अजय कुमार श्रीवास्तव प्रथम की अधिसूचना के अनुसार उच्च न्यायालय सेवा संवर्ग के अंबिका प्रसाद पाल को उप निबंधक के पद से संयुक्त निबंधक के पद पर, विजय बहादुर यादव, राजेश कुमार पाल, जय किशन सोनी को सहायक निबंधक के पद से उप निबंधक के पद पर, पंकज मिश्र(लखनऊ), विनय कुमार सिंह, श्याम चंद्र को अनुभाग अधिकारी के पद से सहायक निबंधक के पद पर, सुनील कुमार राय, देवेन्द्र त्रिपाठी, सुधांशु मिश्र (लखनऊ) को समीक्षा अधिकारी के पद से अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नति दी गई है। एक अन्य अधिसूचना के अनुसार अनूप कुमार सचान को सहायक निबंधक सह न्यायपीठ सचिव श्रेणी दो के पद से उप निबंधक सह न्यायपीठ सचिव श्रेणी तीन के पद पर और अविष्कार श्रीवास्तव को न्यायपीठ सचिव श्रेणी एक के पद से सहायक निबंधक सह न्यायपीठ सचिव श्रेणी दो के पद पर पदोन्नत किया गया है। उच्च न्यायालय कर्म अधिकारी संघ के महासचिव बृजेश कुमार शुक्ल ने समस्त पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों को बधाई देते हुए मुख्य न्यायाधीश गोविंद माथुर,न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, संघ के पूर्व अध्यक्ष न्यायमूर्ति बाल कृष्ण नारायण, संघ के अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुनीत कुमार, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ का आभार व्यक्त किया है।

### फर्जी दस्तावेज से लोन लेने वाले निदेशक राजेश मेहता की जमानत नामंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर केनरा बैंक से लोन लेकर उसे करोड़ों का नुकसान पहुंचाने के आरोपी सैगान इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राजेश मेहता की जमानत अर्जी नामंजूर कर दी है। मेहता पर बैंक को 10.49 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इस सम्बंध में सीबीआई ने दिल्ली में केस दर्ज किया है। केनरा बैंक के डिप्टी जनरल मैनेजर ने इस मामले में मेहता सहित छह लोगों के खिलाफ दिल्ली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि मई 2015 में याची ने कंपनी के अन्य निदेशकों से सांठ गांठ कर कंपनी ने चार करोड़ रुपये का कर्ज बैंक से लिया। और प्रापर्टी के फर्जी दस्तावेज दिखाकर 9.5 करोड़ रुपये की फंड लिमिट हासिल की। जिस प्रापर्टी के एवज में लोन लिया गया वह याची मेहता द्वारा वर्ष 2008 में ही बेची जा चुकी थी। सीबीआई के वकील असिस्टेंट सॉलीसिटर जनरल ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि याची ने बैंक के साथ फ्राड किया है। उसने प्रापर्टी के फर्जी दस्तावेज बनाए हैं और पहले ही बेची जा चुकी संपत्ति को बंधक रख दिया। कोर्ट ने जमानत का आधार न पाते हुए अर्जी खारिज कर दी।

## चेकडैम से निकाला गया लापता युवक का शव, हत्या की आशंका

**शंकरगढ़।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरे बघेल के कसौटा का रहने वाला एक युवक एक अक्टूबर को दोपहर घर से लापता हो गया।पूंछताछ में पता चला कि वह गांव से कुछ दूरी पर दोपहर तक आम के पेड़ के नीचे देखा गया था, उसके बाद से उसका कहीं कोई पता नहीं चल पा रहा था। खोजबीन में जुटे परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गांव से एक किलोमीटर दूर चेकडैम के पास युवक का चप्पल और मोबाइल मिला। शक होने पर लोगों ने चेकडैम में कांटा डालकर शव बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक पूरेबघेल निवासी गणेश कुमार (रोजगार सेवक) का पुत्र जय कुमार (19) एक अक्टूबर को घर से लापता हो गया था। खोजबीन में जुटे परिजनों ने चेकडैम के अंदर कांटा डाला, तो जय कुमार का कपड़ा निकला। इसके बाद लोगों ने प्रयास करके उसका शव बाहर निकाला और घर ले आए। शुक्रवार की सुबह परिजन उसका अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे। नहलाने के दौरान उसके शरीर पर चोट के निशान दिखाई पड़े। इस पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इस सूचना पर आई पुलिस ने परिजनों से पूछताछ करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शंकरगढ़ थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय और उपनिरीक्षक कासिम खान ने बताया कि परिजनों के कहने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह मालूम हो जाएगी।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री

**जसरा।** जसरा विकासखंड के स्कूलों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। विद्यालयों में ध्वजारोहण के बाद उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

श्री ईश्वर दिन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ योगेंद्र सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के दर्शन को आज के संदर्भ में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी युगपुरुष रहे हैं।उनके विचारों को लागू करके ही हमारा देश आगे बढ़ सकता है। प्रधानाचार्य ने उपस्थित जन से मास्क के साथ ही सामाजिक दूरी का पालन करने को कहा है। इसी तरह लालचंद्र इंटर कॉलेज जसरा में प्रधानाचार्य डॉ पी पी सिंह, केदारनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य श्याम बिहारी ,राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जसरा में प्रधानाचार्य सुकुंती सचान, जमुनापार इंटर कॉलेज अमरोहा में प्रधानाचार्य श्याम सुंदर त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया ।इसी तरह विद्यालय के शिक्षक दयाशंकर सिंह, राजेश द्विवेदी, अखिलेश जायसवाल, कमलेश अवस्थी, कुलभूषण मिश्र आदि शिक्षकों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लखन प्रतापगढ़ी तथा आभार सुनील साहू ने प्रकट किया ।इस अवसर पर कुल भूषण मिश्र, राकेश सिंह, देवेंद्र नाथ शुक्ल, कुसुम शुक्ला,पंडित ज्ञानदीप मिश्र, डॉ सुनीता सिंह, चंद्रशेखर ,राजेंद्र प्रसाद, नरेंद्र कुमार ,सुरेश कुमार सिंह, जय सिंह, कृष्णचंद्र, जगदीश सिंह, प्राची पांडेय सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



गांधी जयंती पर बच्चों को संबोधित करते हुए

इसी तरह कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद जफर के नेतृत्व में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें गांधी जी के व लाल बहादुर शास्त्री के विचारों पर परिचर्चा हुआ तथा कहा गया कि गांधी और शास्त्री युगो युगो तक अमर रहेंगे` इसी तरह जसरा बाजार में व्यापार मंडल द्वारा महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई` व्यापारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके महात्मा गांधी व शास्त्री जी के आदर्शों का बखान किया । व्यापारियों को संबोधित करते हुए यमुनापार प्रभारी शंकर लाल मधुकर ने कहा कि महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री ने अपना पूरा जीवन संत की तरह गुजारा है।

## दिल्ली में विहिप के नवम्बर में प्रस्तावित बैठक में शामिल होगें तीन सौ सन्त

**प्रयागराज।** दिल्ली में विश्व हिन्दू परिषद की 10कृ11 नवम्बर को होने वाली बैठक में देश के प्रमुख तीन संत सामिल होंगे। बैठक में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए होने वाले खर्च पर गहन चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी शुक्रवार को विहिप के प्रान्त कार्यालय केसर भवन में पत्रकारों को विहिप के केन्द्रीय उपाध्यक्ष एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सचिव चम्पत राय ने दी। उन्होंने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण में जमीन के अन्दर बारह सौ पाइलिंग का पहले निर्माण होगा। एक पिलर एक मीटर मोटा एवं लगभग सौ फिट उसकी गहराई होगी। अबतक दो पिलर बनाए गए है। एक माहबाद उसकी मजबूती का परीक्षण किया जाएगा। पाइलिंग का कार्य पूरा होने के बाद पांच फिट मोटी पत्थर युक्त प्लेट फार्म तैयार किया जाएगा। उसके बाद मंदिर का प्रथम तल बनेगा। उसके बा चारो ओर परिक्रमा, परकोटा बनेगा। पुरा मंदिर पांच एकड़ में बनेगा। पूरी जमीन 70 एकड़ है। जिसमें मंदिर का पूरा होने के बाद ही दूसरा कार्य किया जाएगा। मंदिर का निर्माण कार्य तीन वर्ष में पूरा होगा। श्री राय ने बताया कि लान्सनन्योरो कम्पनी के इंजीनियर, 26 मई को वहां पहुंच चुके है। निर्माण कार्य में पांच सौ मजदूर लगेंगे।

## विशाल कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में मीरजापुर टीम बनी विजेता

**करछना।** विकास खंड करछना के अंतर्गत आने गांव गडैला में दो दिवसीय विशाल कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में मीरजापुर टीम मैंच जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्राफी पर अपना कब्जा बनाने में कामयाब रही वही करछना टीम फाइनल मैच में दूसरे स्थान पर रही ।विजेता टीम को कार्य क्रम में विशिष्ठ अतिथि रहे प्रकाश अस्पताल के चर्चित डाक्टर विजय बाबू यादव उर्फ पप्पू डाक्टर ने ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया, प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को पुरस्कार से सम्मानित किया गया, दो दिवसीय विशाल कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 22 टीमों ने प्रतिभाग करते हुए अपना प्रदर्शन किया, जिसमें मध्य प्रदेश सतना टीम, बाराबंकी, बहराइच, सीतापुर, रींवा, कौशांबी, प्रयागराज, गंगा पार, जमुनपार, मीरजापुर, बाबू गंज, सुजौना, हनुमान गंज, सहसो, नीबी नैनी, हसित टीमों के खिलाडियों ने इस प्रतियोगिता में अपने कला का प्रदर्शन दिखाया ।कार्य क्रम के समापन के अवसर पर आयोजक मंडल की ओर से मोहन लाल यादव, अध्यक्ष रवि कांत पांडेय, हरमोहन, प्रधान गडैला आलोक यादव, संयोजक विनय सिंह यादव, रबिन्द्र,सिंह, अंकित यादव प्रधान प्रतिनिधि डीहा, धीरेन्द्र यादव उर्फ पिंटू प्रधान गधियाव, राम सागर मुखिया, संदीप सिंह पटेल, सपा जिला अध्यक्ष योगेश यादव, जगदीश मिश्रा, संदीप केसरवानी, डाक्टर सुभाष चन्द्र, ओमप्रकाश कुशवाहा, आदि बड़ी सख्या में गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की, और खेल कूद स्थल पर मौजूद दर्शको का भी अभिवादन किया ।

# दो हजार एक सौ मीटर लंबी तिरंगा यात्रा को निकलने से पहले प्रशासन ने रोका

**जसरा।** जसरा बाजार से निकलने वाली दो हजार एक सौ मीटर लंबा तिरंगा यात्रा को प्रशासन ने कानून का हवाला दे करके निकलने से पहले ही रोक दिया। घंटों अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और तिरंगा लिपटा ही रह गया इक्कीस सौ मीटर का बना हुआ लंबा तिरंगा। जब कि तिरंगा यात्रा को रोके जाने से नौजवानों में आक्रोश छाया रहा।

जसरा बाजार के चिल्ला मोड़ से गौहनिया बाजार तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के दिन तिरंगा यात्रा निकाले जाने की तैयारी में क्षेत्र के नौजवान कई माह से लगे हुए थे` जिसके लिए नव युवकों ने क्षेत्र के घर घर में जनसंपर्क कर लोगों से भाग लेने की अपील भी किया था` दो अक्टूबर को चिल्ला मोड़ पर बने तिरंगा यात्रा कार्यालय पर सुबह से ही नौजवानों की भारी भीड़ एकत्र होने लगी थी। जिसमें नव जवानों के अंदर भारी उत्साह और उमंग बना था । बारा क्षेत्र के अगल बगल से जहां लोगों के हाथों में तिरंगा वहीं मोटरसाइकिल के ऊपर भी तिरंगा लिए हुए नौजवान 21 सौ मीटर लंबा राष्ट्रीय ध्वज को उठाने की तैयारी में जुट गया था` उसी समय बारा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह तथा नायब तहसीलदार बारा ने पहुंच करके आयोजकों से कार्यक्रम का अनुमति पत्र मांगा । आयोजकों ने दलील दिया कि 21 सौ मीटर लंबा तिरंगा को मात्र 10 10 मीटर की दूरी पर खड़ा नौजवान अपने हाथ से सहारा देने के साथ आगे बढ़ता रहेगा। और इस पर किसी तरह का भीड़ नहीं होगा। सामाजिक दूरी और मास्क का बराबर प्रयोग होता रहेगा। किंतु प्रशासन बिना अनुमति पत्र के यात्रा नही निकालने के जिद पर अड़ गया` इस बीच प्रशासन और नौजवानों के मध्य लंबी नोक झोंक होती रही। अंत में आयोजकों ने यहां तक कहा कि हमें पूरा तिरंगा 21 सौ मीटर खोल करके 21 मीटर तक ही ले जाने की इजाजत दे दिया जाए और उसके बाद हम वहीं पर यात्रा को समाप्त कर देंगे` किंतु प्रशासन अपनी बात पर पूरी तरह से अड़ा रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में आ रहे महंत आनंद गिरी को भी प्रशासन ने रास्ते में ही कार्यक्रम ना होने की सूचना दे करके वापस कर दिया। कुछ देर बाद कुछ नौजवान मोटरसाइकिल से तिरंगा ले करके जसरा से गौहनिया की तरफ बढ़े किंतु गौहनिया चौकी इंचार्ज एसपी सिंह ने इन मोटरसाइकिल सवारों को रेलवे क्रॉसिंग से वापस कर दिया। कार्यक्रम की वजह से जुटे सैकड़ों नौजवानों ने प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी दिखाते हुए इसे तिरंगा और राष्ट्रवाद का घोर अपमान भी कहा है। आयोजक गणों ने बताया कि देश में हर तरह के धार्मिक व राजनीतिक कार्यक्रम चल रहे हैं तो इस तरह की स्थिति में राष्ट्रीय भावना के प्रदर्शन पर अगर रोक लगाई जाती है तो प्रशासन की नियत पर भी संदेह होता है` कई घंटे नोक झोंक के बाद नौजवान वहाँ से वापस हो गये। इक्कीस सौ मीटर लिपटा तिरंगा रखा ही रह गया।



आक्रोशित युवा बैठक करते हुए

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### विद्या भारती के विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया गांधी व शास्त्री की जयन्ती

**प्रयागराज।** महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती शुक्रवार को विद्या भारती से सम्बद्ध विद्यालयों रानी रेवती देवी, ज्वाला देवी एवं माधव ज्ञान केन्द्र इण्टर कालेज में बड़े धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान विद्यालय के कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को शपथ भी दिलायी गई। रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, राजापुर में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने गूगल मीट, यूट्यूब एवं फेसबुक लाइव के माध्यम से महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तथा छात्र संसद के तीनों घटक शिशु भारती, बालभारती एवं कन्या भारती का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से मनाया गया। भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश के मंत्री एवं विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. रघुराज सिंह ने कहा कि इस संक्रमण काल में विद्या भारती के तत्वावधान में चल रहे इस विद्यालय का जो कार्य करने की पद्धति है वह अद्वितीय एवं अनुकरणीय है।

## गांधी जयंती पर मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने किया ध्वजारोहण

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सिद्धान्तों और विचारों को हम सभी अपने जीवन में करें आत्मसात : मण्डलायुक्त

**प्रयागराज।** गांधी जयंती के अवसर पर मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार आयुक्त कार्यालय परिसर में तथा जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी ने कलेक्टेज्ट परिसर में ध्वजारोहण किया तथा गांधी जी के चित्र/प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

ध्वजारोहण के बाद मण्डलायुक्त गांधी सभागार में महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी गांधी जी के सिद्धांतों एवं विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें। कहा कि गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा के बल पर देश को आजादी दिलायी। उन्होंने कहा कि गांधी जी में



ध्वजारोहण करते मण्डलायुक्त



महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जिलाधिकारी

नेतृत्व की अद्भुत क्षमता थी। मण्डलयुक्त ने कहा कि गांधी जी का व्यक्तित्व, उनके आदर्श एवं सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। सादा जीवन उच्च विचार उनका सिद्धांत रहा है। समाज के हर व्यक्ति के विकास के लिए उनका प्रयास रहा। उन्होंने कहा कि गांधी जी की सोच थी कि विकास नीचे से होना चाहिए। उन्होंने ग्रम स्वराज की संकल्पना की थी। मण्डलायुक्त ने कहा कि हम सभी गांधी जी के सिद्धांतों एवं विचारों का अनुसरण करते हुए अपने दायित्वों/कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए समाज के गरीब असहाय एवं निर्बल लोगों की मदद करें तथा देश को मजबूत बनाने तथा विकास की ऊचाईयों तक ले जाने में अपना योगदान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को पारदर्शी ढंग से क्रियान्वित करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करायें। उन्होने कहा कि गॉधी जी स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते थे, हम सभी लोग उनके स्वच्छता विषयक विचारों से प्रेरणा लेते हुए अपने घर एवं आस पडोस में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें तथा दूसरे लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री भगवान शरण ने कहा कि गांधी जी वसुधैव कुटुम्बकम पर विश्वास रखते थे। उनका सिद्धांत था कि किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। सबकी आत्मा एक है। धर्म, जाति, क्षेत्रवाद की भावना से ऊपर उठ कर राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को मजबूत बनाने में सभी लोग अपना योगदान प्रदान करें, गांधी जी का यही विचार था। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री के जीवन चरित्र पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य लोगो के द्वारा भी गांधी जी के जीवन दर्शन पर अपने विचार व्यक्त किए गए।

## उमरे ने 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' का चलाया अभियान

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के रेल परिवार ने महात्मा गांधी जयंती पर समापन करते हुये फिट इंडिया फ्रीडम रन के तहत लगभग 13 लाख किलोमीटर की दौड़ पूरी की। इस महत्वपूर्ण पहल को भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय, द्वारा सम्पूर्ण राष्ट्र में लांच किया गया और उत्तर मध्य रेलवे के 60 हजार रेलकर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा इस अभियान में वृहद स्तर पर सहभागिता की गई।

फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन बेहतर स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने और स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करके एक बीमारी मुक्त समाज के लिए किया गया था। इस अनूठी पहल के तहत प्रतिभागी को स्थान, गति, समय आदि अपने अनुसार चुनने की पूर्ण स्वतंत्रता दी गई। इस अभियान के प्रतिभागियों को फिट इंडिया वेबसाइट या विभिन्न आयोजकों द्वारा प्रदान किए गए प्लेटफॉर्म पर अपने दौड़ के विवरण को अपलोड करने और भागीदारी प्रमाणपत्र प्राप्त करने की सलाह दी गई थी। उत्तर मध्य रेलवे ने बल्क एस.एम.एस, पोस्टर और बैनर, रैलियों आदि द्वारा रेलकर्मियों के मध्य से फिट इंडिया फ्रीडम रन का वृहद रूप से प्रचार प्रसार किया गया।

अर्जुन अवार्डी जिमनास्ट आशीष कुमार, क्रिकेटर पूनम यादव, क्रिकेटरएकता बिष्ट, बॉक्सर गौरव विधुड़ी, हॉकी खिलाड़ी गुरजीत आदि सहित उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख खिलाड़ियों की भागीदारी के अतिरिक्त, महाप्रबंधक राजीव चैधरी, अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन श्रीमती ललिता चैधरी, अध्यक्ष उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ शरद मेहता, उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, आगरा, झांसी एवं प्रयागराज के मण्डल रेल प्रबंधक और अन्य अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने के लिए इस अभियान में भाग लिया और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बड़े पैमाने पर रेलवे परिवारों और जनता को प्रोत्साहित किया।

फिट इंडिया फ्रीडम रन और स्वच्छता पखवाड़ा के समापन के अतिरिक्त; महात्मा गांधी के 151वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में उत्तर मध्य रेलवे में उनके जीवन, कर्म और दर्शन पर आधारित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर फिट इंडिया फ्रीडम रन और स्वच्छता पखवाड़ा में उत्तर मध्य रेलवे के प्रयासों को प्रदर्शित करते दो वीडियो क्लिप भी लॉन्च किए गए और इन क्लिपों को फिटनेस, स्वच्छता और कोविड 19 पर जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न समूहों के बीच प्रसारित किया गया।

### दिव्यांग युवक का हत्यारा निकला चचेरा भाई, गिरफ्तार

**प्रयागराज।** करछना थाने की पुलिस 28 सितम्बर को हुई दिव्यांग युवक की हत्या मामले का खुलासा करते हुए शुक्रवार को उसके चचेरे भाई को गिरफ्तार किया। हत्या में प्रयुक्त औजार भी बरामद किया। हत्या की वजह आशनाई का मामला सामने आया। उक्त जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने शुक्रवार शाम को बताया कि गिरफ्तार आरोपित करछना के सेमरहा गांव निवासी दिनेश निषाद पुत्र विजय शंकर निषाद है। उसके कब्जे से तमंचा बरामद किया गया है। पूंछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि मृतक शनिराम निषाद पुत्र जल्लू निषाद उसके चाचा का बेटा था। वह मेरी पत्नी से अधिकतर फोन पर बातचीत करता था। उसे आशंका है कि उसका अवैध सम्बन्ध था। वारदात के दिन भी शनिराम रात में उसकी पत्नी के फोन पर बातचीत कर रहा था। यह बात उसे बुरा लगा और घर से तमचां लेकर निकला और खेत में पहुंचा और उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद वहां से भाग निकला। हालांकि पहले अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही थी। इसी दौरान पता चला कि उसकी हत्या अवैध सम्बन्ध के चलते की गई है।

## प्रयागराज मंडल में फिट इंडिया फ्रीडम रन आयोजित

**प्रयागराज।** महात्मा गांधी की 151वीं जयंती पर प्रयागराज मंडल में रेल कर्मियों को अच्छे स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूक करने के लिए भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में ह्यफिट इंडिया फ्रीडम रनह्न का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम डीएसए ग्राउंड में ह्यफिट इंडिया फ्रीडम रनह्न का आयोजन किया गया। इस फिटनेस रन में 200 मी. की दौड़ तत्पश्चात फिटनेस वाक का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ, अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) अनुराग अग्रवाल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचान) अनुराग गुप्ता, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) एनामुल हक, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अन्शू पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने इसमें भाग लिया।

इसके पश्चात श्रमदान हुआ जिसमें मंडल रेल प्रबंधक एवं उनकी टीम द्वारा रेलवे स्टेडियम एवं रेलवे परिसर की सफाई की गई। साथ ही नवीनीकृत बैडमिंटन कोर्ट का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मंडल की स्पोर्ट्स टीम तथा अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया। मंडल रेल प्रबंधक ने निर्देश दिया कि 15 अक्टूबर तक डीएसए ग्राउंड की समस्त क्रीड़ा सुविधाओं को चुस्त दुरूस्त कर लिया जाय क्योंकि इस कोरोना महामारी में शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं फिट रहना बहुत जरूरी है।



डीएसए ग्राउंड में रेलवे कर्मी

## गांधी जयन्ती भारतीय नागरिकों के लिए संकल्पना का दिन : डॉ उदय

**प्रयागराज।** गांधी जयंती भारत के नागरिकों के लिए संकल्पना का दिन है। देश का निर्माण नागरिकों की ईमानदारी, सहयोग की भावना, परस्पर प्रेम से होता है। देश के प्रति निरंतर ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा और अधिक कार्य सम्पन्न करने से होता है।

यह बातें हिन्दुस्तानी एकेडेमी के अध्यक्ष डॉ. उदय प्रताप सिंह ने हिन्दुस्तानी एकेडेमी के तत्वावधान में शुक्रवार को ह्यगांधी जयंतीह्न के अवसर पर एकेडेमी परिसर में ध्वजारोहण के उपरान्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने ह्यगांधी का भारतह्न विषयक संगोष्ठी में कहा कि आज संकल्प का दिन है। गांधी ने आत्म निरीक्षण कर अपनी बुरी आदतों से मुक्ति की संकल्प लिया। हमें भी अपने कार्यों के प्रति ईमानदारी बरतनी चाहिए।



सम्बोधित करते डॉ उदय प्रताप सिंह

वक्ता प्रो. बद्रीनारायण ने कहा कि गांधीजी के समय में भी महामारी का प्रकोप हुआ था और उस समय गाधी ने भी आपदा को अवसर में बदला था और वतर्मान में भी कोराना महामारी के आपदा समय में भी प्राकृतिक वस्तुओं के माध्यम से हम आत्मनिर्भर हो रहे हैं। गांधीजी छूटे हुए, भटके हुए लोगों को साथ लेकर भारत का निर्माण करना चाहते थे। वो जिस हिन्दी की परिकल्पना करते थे वह आमजन की बोलियों से निर्मित हिन्दी है। हिन्दुस्तानी एकेडेमी भी सभी बोलियों से निर्मित हिन्दी का प्रचार प्रसार करती है। गांधी आत्म आलोचना से हृदय परिवर्तन कर भारत का निर्माण करना चाहते थे। जब तक समाज का वह तबका जिसे स्वीकार करना है। आत्म आलोचना करके हृदय परिवर्तन नही करेगा तब तक गांधी के भारत का निर्माण नहीं हो सकता है।

वक्ता सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि आज हम जिस परिस्थिति में पहुँच गए हैं उससे आज फिर गाँधी की प्रासंगिकता पूरे देश के लिए बढ़ गई है। गाँधी का भारत सबका भारत बने ऐसा प्रयास गांधी का था। डॉ. मानेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि गाँधीजी की जो जीवन शैली है वही उनका सिद्धांत है। गांधी को समझने के लिए निम्न समाज के बीच किये गये बर्ताव द्वारा समझना चाहिए। उनकी आलोचना करना फैशन है गाँधी को फकीर कहा गया। पर गाँधी कितने समृद्ध हैं, यह समझने के लिए उनको आत्मसात करना आवश्यक है। डॉ. सरिता शुक्ला ने कहा कि आत्म निर्भर वही हो सकेगा जिसमें आत्म सम्मान का बोध हो और यही बोध हमें आत्म विश्वास की ओर ले जाता है। गाँधी कहते रहे ह्यस्वदेशी वही है जिसमें धन और प्रबंध दोनों भारतीयों का हो। जब धन और प्रबंध भारतीयों का होगा तो निश्चित ही उनमें आत्म सम्मान, आत्म विश्वास और आत्मनिर्भरता होगी।

इस अवसर पर रामनेरश तिवारी ह्यपिण्डीवासाह्न ने भी अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। संचालन एकेडेमी की प्रकाशन अधिकारी ज्योतिर्मयी ने धन्यवाद ज्ञापन एकेडेमी की कोषाध्यक्ष पायल सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. शम्भूनाथ त्रिपाठी ह्यअंशुलह्न, डॉ. हितेश सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. प्रीति सिंह, बीरेन्द्र सिंह, रचना सक्सेना, खुर्शीद अजय यादव, संजय सक्सेना, मनीष यादव, रामबाबू, वीरेन्द्र सिंह, सौरभ सोमवंशी, रीता सिंह, रणन्जय सिंह के साथ शहर के अन्य रचनाकार एवं शोध छात्र भी उपस्थित थे।

### मार्ग दुर्घटना में महिला समेत दो की मौत

**प्रयागराज।** जनपद में बीते बारह घंटे के दौरान हुई मार्ग दुघटना में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना फूलपुर थाना क्षेत्र की है। फूलपुर थाना क्षेत्र के बौरई कटौता गांव निवासी सीता देवी(45वर्ष) पत्नी राम प्रसाद के पां बेटे है और उसका पति खेती करता है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोहपर अपने बेटे मुकेश के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर किसी काम से घर से निकली। प्रतापपुर बसना गांव के समीप उसकी मोटर साइकिल सामने से आ रही मोटर साइकिल से अचानक भिड़ गई। हादसे में सीता देवी गम्भीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद, उसे उपचार के लिए उसके दो बेटे नजदीकी अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही मौत हो गई। उसके बेटे ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। दूसरी घटना थरवई थाना क्षेत्र में हाइवे पर भोपतपुर गांव के समीप हुई है। जिसमें एक ट्रक चालक पंजाब के भगत सिंह पंजाब जनपद के जंगला थाना क्षेत्र में स्थित मीरपुर जहां गांव निवासी कुलवीर सिंह (45 वर्ष)पुत्र सौरमुख सिंह की मौत हो गई।

## गांधी एवं शास्त्री को आज के परिप्रेक्ष्य में समझना बहुत जरूरी : निदेशक



दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथिगण

**प्रयागराज।** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र प्रयागराज के निदेशक प्रो. अखिलेश कुमार दूबे ने महात्मा गांधी की 151वीं जयंती तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री की 117वीं जयंती पर कहा कि हमें गांधीजी एवं शास्त्रीजी को आज के परिप्रेक्ष्य में समझना बहुत जरूरी है। शुक्रवार को केन्द्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रो.अखिलेश कुमार दूबे ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ऐसे अवसरों पर ही हमें अपने आप को समझने व परखने का मौका मिलता है। गांधीजी से जुड़ने पर हमारी चेतना का विकास होता है और बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस अवसर पर केन्द्र की वरिष्ठ सहायक प्रो.डॉ. अवंतिका शुक्ला, डॉ. अनूप कुमार एवं शोधार्थी धनंजय सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मंच का संचालन सहायक कुलसचिव विनोद रमेशचंद्र वैद्य ने किया। इस दौरान केन्द्र के कर्मचारी जयेंद्र जायसवाल, देवमूर्ति, प्रमोद कुमार, जीवनराम प्रजापति, रोहित कुमार तथा शोधार्थी रामप्रवेश आदि उपस्थित रहे।

### दुकान पर सामान लेने के बहाने टप्पेबाज ने पार कर दिया मोबाइल

**प्रयागराज।** शहर में आए दिन चोरी व टप्पेबाजी की घटनाएं बढ़ती जा रहीं।इन घटनाओं को पुलिस रोकने में नाकाम साबित हो रहीं है। ऐसा ही मामला शुक्रवार को एक दुकानदार के साथ घट गई। शुक्रवार को शंकरघाट स्थित किराने के दुकान पर सामान लेने पहुंचा ।दुकानदार समान निकाल ही रहा था कि तब परवाज मोबाइल लेकर चलता बना। जब दुकानदार इसकी शिकायत करने थाने पहुंचा तो थाना प्रभारी ने ऑनलाइन ऑनलाइन मुकदमा दर्ज करने की नसीहत देकर अपना पल्ला झाड़ लिया।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## गांधी को पूरी दुनिया में सबसे अधिक सम्मान मिला : जस्टिस दिवाकर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर ने कहा कि महात्मा गांधी एकमात्र ऐसे राजनेता हैं जिनको पूरी दुनिया में सबसे अधिक सम्मान मिला है। मगर आज गांधी किताबों में सिमटते जा रहे हैं। यह हम सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि गांधी को किताबों में न सिमटने दें और उनके दर्शन को अपने जीवन में उतारें।

उन्होंने लघु और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देकर गांधी की शिक्षा को अपनाने पर जोर दिया। न्यायमूर्ति दिवाकर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति पंकज मित्तल, लोक सेवा आयोग के सदस्य कल्पराज सिंह, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह, सीएमओ प्रयागराज डॉ. गिरिजा शंकर बाजपेई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। आयोजन की अध्यक्षता हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह और संचालन महासचिव प्रभाशंकर मिश्र ने किया। बार के पदाधिकारियों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष जमील अहमद आजमी, उपाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र, अनिल पाठक, रजनीकांत राय, केके मिश्र, अंजू श्रीवास्तव, अभिषेक शुक्ल, दिलीप कुमार पांडेय, राजेंद्र सिंह, मंजू पांडेय, दुर्गेश तिवारी तथा कार्यकारिणी के सभी सदस्य व अधिवक्ता उपस्थित थे।

## भारतीय सेना के सैनिकों को सुरक्षित रखने में करें योगदान

**प्रयागराज।** इस कोविड 19 महामारी के बीच भारत का सामना लद्दाख क्षेत्र की हिमाच्छादित ऊंचाइयों पर चीनी आक्रामकता से हो रहा है। पांच महीने से झड़प हो रही है और भारतीय सेना फौरी तौर पर इस आक्रामकता को नाकाम करने में सफल रही है। छावनी क्षेत्र की सड़क सेना क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से प्रतिबंधित होते हैं। खासकर इस वक्त जब दो दुश्मनों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में छावनियों में बिना जरूरी काम के न जाने में ही सब के लिए हितकारी होगा।

रक्षा मंत्रालय के विंग कमांडर एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शैलेन्द्र पाण्डेय ने कहा है कि इस परिदृश्य में भारतीय सेना को अपने सैनिकों को चीन के साथ युद्ध के लिए तैयार रखना और भी आवश्यक है। यूपी और एमपी के सैनिक छुट्टी खत्म होने के बाद ईस्ट यूपी और एमपी सब एरिया में रिपोर्ट करते हैं, जहां वे 14 दिनों के अनिवार्य संगरोध से गुजरते हैं और लद्दाख के आगे के इलाकों में तैनाती के लिए तैयार होते हैं। अवकाश से वापस रिपोर्ट करने वाले सैनिकों को न्यू कैंट और अन्य सब एरिया नियंत्रित क्षेत्रों जैसे ओडी फोर्ट, सीओडी छिवकी आदि में रखा जाता है। न्यू कैंट, ओल्ड कैंट, आयुध डिपो और सीओडी छिवकी में रहने वाले सेना और अन्य सैन्यकर्मियों और उनके परिवारों को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए, इन क्षेत्रों में बहुत कड़े और कठोर कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। जैसा कि देखा गया है कि सभी गढ़ क्षेत्रों को सील कर दिया गया है और केवल एक प्रवेश और निकास गेट खुला रखा गया है। इन प्रवेश द्वारों को अच्छी तरह से संरक्षित किया जाता है और लोगों के आवाजाही को केवल बहुत ही आवश्यक कार्य के लिए अनुमति दी जाती है। संक्रमण के किसी भी प्रसार को रोकने के लिए शिविर के अंदर कर्मियों की आवाजाही प्रतिबंधित है।



सेनेटाइज करते सेना के जवान

श्री पाण्डेय ने बताया कि ये सभी सख्त उपाय छावनी छेत्रों में कोविड संक्रमण दूर रखने में मदद कर रहे हैं। अब तक छावनियों में सिर्फ 197 कोरोना संक्रमित हुए हैं और उनमें से 186 ठीक हो चुके हैं। जहां प्रयागराज में कोरोना संक्रामण को रोकने के सभी प्रयास विफल हो रहे हैं वहीं छावनी छेत्र में कोरोना पर काफी हद तक लगाम लगी हुई है। कई लोगों की धारणा है कि छावनी क्षेत्र की सड़क सामान्य जनता के लिए खुली रखनी चाहिए। प्रयागराज के लोगों को यह समझना जरूरी है कि सेना क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से प्रतिबंधित होते हैं। खासकर इस वक्त जब दो दुश्मनों का सामना करना पड़ रहा है। एक कोरोना और दूसरा हमारा पड़ोसी देश चीन। ऐसे में छावनियों में बिना जरूरी काम के न जाने में ही सब के लिए हितकारी होगा।

# क्रियायोग सन्देश

प्रयागराज शनिवार, 3 अक्टूबर, 2020

## क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गांधी जयंती





**झूसी प्रयागराज।** क्रियायोगा आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ गांधी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर, गुरुजी स्वामी श्री योगी सत्यम जी ने महात्मा गांधी जी और सत्य व अहिंसा पर वैज्ञानिक तरके से अमर अलौकिक संदेश दिया। क्रियायोग अभ्यास कराते हुए गुरु जी ने कहा कि परमहंस योगानंद जी महासमाधि के पूर्व अपने संदेश में महात्मा गांधी को महान पैगंबर कहा है। गुरुदेव ने स्पष्ट किया कि सत्य अहिंसा का सिद्धांत अनन्तकाल से चला आ रहा है। पैगंबर बार-बार पृथ्वी पर आ करके जनमानस को इस सिद्धांत के बारे में जागरूक करते हैं। परमहंस योगानंद जी 1920 में क्रियायोग का वैज्ञानिक प्रशिक्षण देने अमेरिका गए थे। उन्होंने 32 साल क्रियायोग का व्यापक प्रशिक्षण देने के उपरांत, 7 मार्च 1952 को लॉस एंजेलिस के बिल्टमोर होटल में 50 देशों के दूतावास के गणमान्य अधिकारियों, काउंसलेट जनरल व भारतीय अम्बेसडर - श्री विनय रंजन सेन, के सम्मुख दिये संदेश में महात्मा गांधी को महान ईशदूत कहा है। उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी जी परमहंस योगानंद जी से क्रियायोग की दीक्षा लिये थे।

महासमाधि के 20 दिन के पश्चात भी परमहंस योगानंद जी की शरीर में कोई दुर्गंध, सड़न व त्वचा में शुष्कता नहीं आई थी। यह अद्भुत घटना स्पष्ट करता है की उनकी जीवन शैली सत्य व अहिंसा के सिद्धांत पर पूर्णतया आधारित थी । क्रियायोग के अभ्यास से स्पष्ट अनुभव होता है कि मनुष्य का धर्म सत्य- अहिंसा के मार्ग पर चलना है ।

महात्मा गांधी का जन्म जन मानस को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाने, उस पर चलने व चलाने के लिए हुआ था।

गुरुजी ने आगे स्पष्ट किया कि सत्य व अहिंसा का मार्ग शक्तिशाली जनों का मार्ग है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के मन में कभी भी किसी के प्रति कोई शिकायत नहीं थी, न भगवान के प्रति, और न उनके सीने में गोली मारने वाला क्रूर गोडसे के प्रति। जब कोई व्यक्ति शिकायत शुन्य होता है, तब वह परम आनंद प्रेम की शक्ति से चार्ज रहता है। अनंत प्रेम ही आनंत शक्ति है। इस स्थिति में व्यक्ति थकावटरहित व चिन्तारहित होता है और व्यक्ति सारे समस्याओं को आसानी से दूर कर लेता है। विश्व के सभी राष्ट्रों की समस्याओं को आसानी से दूर करने के लिये महात्मा गांधी का संदेश व क्रियायोग विज्ञान की शिक्षा अचूक साधन है और इसका महत्व उत्तरोत्तर बढ़ता जायेगा।

## PARAMAHANSA YOGANANDA, JUST BEFORE MAHASAMADHI DECLARES MAHATMA GANDHI AS PROPHET

-Guruji Swami Shree Yogi Satyam
Jhunsi, Prayagraj

The occasion of Mahatma Gandhi Jayanti was celebrated at Kriyayoga Ashram and Research Institute with a special message on Mahatma Gandhi ji , Truth and Non-violence. Guruji Swami Shree Yogi Satyam shared during morning Kriyayoga meditation that Realized Master, Paramahansa Yogananda ji, had declared Mahatma Gandhi ji as a Great Prophet before his conscious physical departure from this earth ( Mahasamadhi ) in 1952.

Guruji further stated that the principle of Truth and Non-violence has existed from time immemorial. From time to time, Prophets come on earth to remind us of this Eternal Truth. Paramahansa Yogananda ji went to America in 1920 and spent 32 years spreading Kriyayoga in the west. On March 7, 1952, a function was arranged at Biltmore Hotel at Los Angeles for representatives from 50 nations, Consul General and Ambassador of India to America, Shri Binay Ranjan Sen along with his wife, and many disciples. At the function, Paramahansa Yogananda ji gave a final speech before his Mahasamadhi and referred to Mahatma Gandhi ji as a Great Prophet. Mahatma Gandhi was initiated into Kriyayoga by Paramahansa Yogananda. The body of Paramahansa Yogananda ji showed no visible signs of decay even after 20 days of his departure, demonstrating Truth and Non-violence in the highest manner.

Speaking of Kriyayoga, Guruji added that by the practice of Kriyayoga, one can easily walk on the path of Truth and Non-violence and Gandhiji's example is clear evidence of this. The incarnation of Mahatma Gandhi ji on earth was to demonstrate how one should and can easily live life based on the principles of Truth and Non-violence.

Guruji further elaborated that the path of Truth and Non-violence is for the brave and courageous people. Stating that Mahatma Gandhi ji had no complaint about anyone – neither God nor his assassin. When one is devoid of any complaints and is charged with complete love, then one will vibrate with great life-force, making one tireless and fearless. In this way, one can solve all problems of self, family, nation and the world. In conclusion, Guruji stated that the message of Mahatma Gandhiji and Kriyayoga Science will continue to spread far and wide to help solve all problems everywhere.

